BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
# म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

## श्री जेष्ठायणी माता का भव्य जागरण सम्पन्न

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिखवाल ब्राहमण समाज में भारद्वाज गौत्र के तुंकार तिवाड़ी, नागला तिवारी, पिपाड़ा पांडिया, लिलरिया व्यास परिवारों की कुलदेवी मां श्री जेष्ठायणी (पांडूका) माता का भव्य जागरण ऋषी श्रृंग भवन फीलखाना में संपन्न हुआ श्र माता की आरती के पश्चात प्रमुख भजन गायक श्याम तिवारी एवं पार्टी द्वारा मधुर वाणी में भक्तों को माताजी के भजनों का रसपान करवा माता के भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया श्र कार्यक्रम में भारद्वाज गौत्र के अलावा भी भारी संख्या में समाजबंधु उपस्थित थे। भजन गंगा में समाज बंधुओं ने नृत्य करते हुए भजनों को भरपुर आनंद लिया। इसी क्रम में महिलाओं तथा युवाओं ने भी माताजी की चौकी के आगे गरबा करते हुए माता की भक्ति की श्र  रात 1 बजे आरती



के पश्चात फलाहारी प्रसाद का वितरण किया गया श्र इस बार का कार्यक्रम युवाओं के सुपुर्द किया गया था जिसका बखूबी निर्वाह करते हुए युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में जी-जान से मेहनत की जो कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक रही श्र समिति के वरिष्ठ सेवी रामदेव नागला ने कहा की हमें गर्व हैं की युवा पीढ़ी आगे आकार अपनी भागीधारी निभाने के लिए जिस तरह से आतुर थी, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गयी श्र जागरण रात्रि 2 बजे तक चला। प्रातः प्रसादी एवं कन्या पूजन में मातृशक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रसादी कार्यक्रम दोपहर 3 बजे तक चला जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया श्र उत्सव समिति ने सभी पधारे हुए भक्तों तथा आयोजकों प्रयाजकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया ।




## 52वें रामायण मेला में रावण दहन आज, तैयारियों का लिया जायजा



**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिबिशन समिति द्वारा दशहरा सम्मेलन समिति द्वारा शनिवार को होने वाले रावण दहन की तैयारी नुमाइश मैदान में जोर-शोर से चल रही हैं। मेला प्रधान संयोजक गोविंद राठी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार आज नुमाइश मैदान में रावण दहन की तैयारी का जायजा लेते हुए मेला प्रधान संयोजक गोविंद राठी ,गिरधारी लाल डागा ,सुमित राठी एवं मनोज जायसवाल। इसी कड़ी में गोविंद राठी ने कहा कि 12 अक्टूबर को रावण दहन का कार्यक्रम होगा जिसके मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा विशेष अतिथि नगर पुलिस कमिश्नर सी वी आनंद व ब्रिज गोपाल भूतड़ा होंगे। सभी भक्त इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## प्रज्ञा गौशाला में एक शाम माताजी के नाम विशाल जागरण आज

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कुकटपल्ली प्रगतिनगर स्थित प्रज्ञा गौशाला में एक शाम माताजी के नाम विशाल जागरण आयोजन किया जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में राजेश परिहार  ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष 12 अक्टूबर शनिवार को रात्रि 9.15 से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

भजन कलाकार संदीप सेजू दुदौड़, गौतम प्रजापत एण्ड पार्टी राजस्थान से, आयोजक निजामपेट मार्केट मारवाड़ी एसोसिएशन द्वारा जागरण एवं महाप्रसादी रखी गई है। सभी सर्व समाज बंधुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भजनों का लाभ लें।

## गौमाता की नित्य करें सेवा : स्वामी देवचरणदास

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिकंदराबाद स्थित स्वामीनारायण मंदिर में विराजित देवभूमि गुजरात के कच्छ से पधारे शास्त्री स्वामी देवचरणदासजी आदि संतो से भेटकर लव फॉर काऊ फाउण्डेशन के द्वारा किए जा रहे जीवदया कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस बाबत प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लव फॉर काऊ फाउण्डेशन की ट्रस्टी रंजना शाह ने बताया कि लव फोर काऊ फाउण्डेशन चेरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, बीजेपी नेता सतीष जाजु, देवुभाई पाटडिया आदि ने स्वामीनारायण मंदिर भुज से पधारे गौसेवक शास्त्री स्वामी देवचरणदासजी, गवैय्या स्वामी श्रीजीनंदनदासजी, शास्त्री स्वामी कृष्णवल्लभदासजी, पुराणी स्वामी दिव्यमुनिदासजी, स्वामी सत्यजीवनदासजी, गवैया स्वामी व्रजविहारीदासजी का सिकंदराबाद स्थित स्वामीनारायण मंदिर मे स्मृति चिन्ह, शॉल, माला द्वारा स्वागत किया गया।



अवसर पर जसमत पटेल ने शास्त्री स्वामी देवचरणदासजी से कहा कि नगरद्वय के आसपास चल रही विभिन्न गौशालाओ को हो रही आर्थिक कठिनाइयों के समाधान अंतर्गत लव फोर काऊ फाण्डेशन एवं गोवत्स फाउण्डेशन द्वारा गौमाता के लिए प्रतिदिन एक रूपये दान कार्यक्रम का शुभारंभ 10 वर्ष पूर्व किया गया था। उन्होने आगे कहा कि संस्था प्रचार के माध्यम से सभी गौभक्तो से गौमाता की सेवार्थ हेतु अपने जन्मदिन, बच्चो के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पितरों की पुण्य दिवस आदि किसी भी प्रसंग पर गौमाता के लिए दान देकर जीवन को धन्य बनाएं। फाउण्डेशन के माध्यम से गौ दुग्ध पीने के लिए प्रेरीत किया जाता है। रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता के पद पर सुशोभित कराने, गौमाता के सम्मान की लडाई लडने, नगरद्वय के आस पास चल रही विभिन्न गौशालाओ को हो रही आर्थिक कठीनाईया के समाधान, अन्य उद्देश्यों की पूर्ति हेतु है। उन्होंने संतो से नगरद्वय की विभिन्न गौशालाओ मे से दो प्रमुख गौशालाओ गगन पहाड स्थित सत्यम शिवम सुंदरम गौशाला, जियागुडा स्थित समर्थ कामधेनु गौशाला का अवलोकन करने का निवेदन किया। स्वामी देवचरणदासजी ने कहा कि उन्होने कच्छ के 1000 गांवो मे से 690 गांवो का दौरा कर गौशालाओ, किसान बंधुओ से भेट कर गौवंश संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि गांव मे लोग अब गौवंश को रखना ही नहीं चाहते उसका मुख्य कारण नई खेती पद्धति, किसान के बच्चो का नौकरी के लिए गांव से बाहर जाना आदि कई मुद्दे है। उनके प्रयासो से 3000 किसान बंधुओ ने अपने घर मे गौवंश रखना प्रारंभ कर दिया है। उनके इससे होने वाले लाभ भी काफी आकर्षित कर रहा है।

स्वामी देवचरणदासजी ने लव फॉर काऊ फाउण्डेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा उनके द्वारा चलाये जा रही योजना की सफलता के लिए शुभकामनाये दी। उन्होने आगे कहा कि वह अपने शिविरो व प्रवचनों के माध्यम से सभी धर्मानुरागीयों से गौमाता के लिए प्रतिदिन एक रूपया दान अवश्य निकालने की प्रेरणा देंगे। स्वामी देवचरणदास ने सभी से प्रतिदिन अपने धार्मिक कार्यक्रमो मे नित्य गौमाता की सेवा करने का आह्वान करने का आश्वासन दिया। देवचरण स्वामीजी ने जियागुडा गौशाला का अवलोकन किया तथा उन्होने प्रबंधक प्रभुदत्ता महाराज को गौसंरक्षण, गौउत्पादो आदि पर विस्तृत चर्चा की। प्रभुदत्ता महाराज ने पधारे संतो को गौशाला से संबंधीत विस्तृत जानकारी दी एवं उनका अभिनंदन किया। अवसर पर जीसीसीआई हैदरावाद संयोजक डॉ. जिग्नेश गोकानी उपस्थित थे।

## जीएसएम शताब्दी नवरात्रि उत्सव एवं अष्टमी हवन सम्पन्न

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिकंदराबाद जीरा स्थित गुजराती स्कूल प्रांगण में श्री गुजराती सेवा मंडल द्वारा जीएसएम शताब्दी नवरात्रि महोत्सव भव्यता एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में श्री गुजराती सेवा मंडल के अध्यक्ष घनश्यामभाई पटेल व मानद् सचिव जनकभाई ब्रह्मभट्ट ने बताया कि जीएसएम मे शताब्दी



नवरात्रि महोत्सव के तहत अष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को हवन का विशेष आयोजन हुआ। अष्टमी के मुख्य यजमान एवं ब्राह्मण को स्टील ग्लास के दाता दीपककान्त व्यास, कृति व्यास, खुशी व्यास, जयदीप व्यास हैदराबाद समस्त व्यास परिवार थे। वहीं समाज की कुंवारी करीब 200 कन्याओ मे लाभार्थी कौशीक भाई पटेल (श्रीनाथ एन्टरप्राईज) की ओर से चांदी की गौमाता की प्रतिमा भेट की गई। हवन लाभार्थी एवं चांदी की गौमाता लाभार्थी का लव फॉर काऊ फांडेशन चेरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, स्वामी कमलेश महाराज द्वारा स्मृति चिन्ह भेटकर अभिनंदन किया गया।

अवसर पर लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेरमेन जसमत पटेल, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक मंत्री रिद्धीश जागीरदार, अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महासचीव स्वामी कमलेश महाराज ने विशेष रूप से भाग लिया। नवरात्री उत्सव मे ट्रस्ट बोर्ड सचीव जसभाई पटेल, अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मंत्री जनक ब्रह्मभट्ट, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कोटक, सहमंत्री विषणु पटेल, अशित कडाकिया, दिनेश पटेल (लालगुरू), तरूण महेता, हरीश दवे, दिनेश पटेल (निलकंठ), अजय ओझा, कौशीक पटेल, जितेश जानी, हरेश गढिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

जनक ब्रह्मभट्ट ने नवरात्री उत्सव के सभी सहयोगीयों, दान दाताओ, पुलिस विभाग, प्रशासन तन, मन, धन से सहयोग करने वालो का इस अवसर पर आभार प्रकट किया। शनिवार को दोपहर 11.30 बजे से ब्रह्म भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हैदराबाद-सिकंदराबाद मे रहने वाले समस्त गुजराती ब्रह्म समाज, गुजराती साधु व संत समाज तथा नवरात्री उत्सव के सहयोगी दाताओ को सपरिवार ब्रह्मभोजन मे पधारने का निवेदन किया गया है।

## राधे राधे ग्रुप का नियमित अन्नदान जारी

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद कै सौजन्य से जारी नियमित अन्नदान सेवा में शुक्रवार को पब्लिक गार्डन नामपल्ली पर अन्नदान किया गया।  प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शारदीय नवरात्रि के नवम दिवस पर यह कार्यक्रम किया गया।



उक्त कार्यक्रम के विशेष सहयोगी हरचंद्रजी कौशल्यादेवी अग्रवाल परिवार एवं नानक हनुथरम झंवर परिवार रहे। राधे राधे ग्रुप के संयोजन में यह पुण्य कार्य किया जा रहा है जिसमें जरूरतमंद लोगों को नाश्ता करवाया जाता है। राधे राधे ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, रमेश झंवर, सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय अग्रवाल, महेश अग्रवाल, नयन संघी आदि उपस्थित थे।






**प्रो. बीएस प्रसाद ने शुक्रवार को राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग (एनसीआईएसएम) के आयुर्वेद बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान (एनआईआईएमएच) हैदराबाद का दौरा किया।**



## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 28°
न्यूनतम : 23°

## शेयर मार्केट



बीएसई : 81,381.36
−230.05 (0.28%) ↓
एनएसई :24,964.25
-34.20 (-0.14%) ↓

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 78,330/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 93,490/- (प्रति किलोग्राम)

# चेन्नई के पास मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त

## ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे, आग लगी, कई लोगों के घायल होने की खबर

**हैदराबाद/चेन्नई, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मैसूर से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस (12578) तमिलनाडु के कावरापेट्टई स्टेशन के पास मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की आशंका है। जानकारी के मुताबिक मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई डिवीजन के कवरापेट्टई रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई। न्यूज एजेंसियां के मुताबिक, कवराईपेट्टई रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी खड़ी हुई थी, तभी पैसेंजर ट्रेन जाकर टकरा गई। एक्सप्रेस के 6 कोच डिरेल हुए हैं, उनमें आग लगी है।

है। फिलहाल तमिलनाडु पुलिस और एबुंलेंस की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। रेलवे पुलिस के मुताबिक इस हादसे के बाद बागमती एक्सप्रेस के कम से कम दो कोच पटरी से उतर गए हैं, फिलहाल मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। 12578 मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस रात



8:27 बजे पोननेरी स्टेशन के बाद लगभग 109 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। कवारापेट्टई होम सिग्नल पर आगे बढ़ने के लिए हरी झंडी दी गई।

ट्रेन के कर्मचारियों ने तेज झटका महसूस किया, लूप लाइन में प्रवेश किया। इसके बाद एक रुकी हुई मालगाड़ी से टकरा गई। दक्षिण रेलवे के मुताबिक ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए, दो में आग लग गई। हालांकि तिरुवल्लूर जिला कलेक्टर प्रभु शंकर का कहना है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

रेलवे के सूत्रों के मुताबिक सभी यात्रियों को चेन्नई से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उनके शहर तक भेजने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, रेलवे ने इस घटना पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं। समस्तीपुर के लिए हेल्पलाइन नंबर - 06274-8102918840, दरभंगा के लिए हेल्पलाइन नंबर-06272-8210335395, दानापुर के लिए हेल्पलाइन नंबर-9031069105 और दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए हेल्पलाइन नंबर 7525039558 है। हेल्पलाइन नंबर चेन्नई डिवीजन 044-25354151, 044-25330952, 044-25330953, 044-25354995, गुडूर: 08624 250795, ओंगोल 08592 280306, विजयवाड़ा 0866 2571244, नेल्लोर 0861 2345863, एलुरु 7569305268, ताडेपल्लीगुडेम 8818226162, रेनिगुंटा हेल्पडेस्क नंबर मोबाइल 7815915627, बीएसएनएल 9493548008।

### कुछ ट्रेनों के मार्ग में किया गया परिवर्तन

ट्रेन नंबर 13351 धनबाद-अलाप्पुझा एक्सप्रेस को नायडु पेट्टा, सुल्लुरुपेटा, चेन्नई सेंट्रल और अराक्कोनम में रोककर रेनिगुंटा-मेलपक्कम-काटपाडी के रास्ते डायवर्ट किया गया है। जबकि ट्रेन नंबर 02122 जबलपुर-मदुरै को चेन्नई एग्मोर और तांबरम में स्टॉपेज छोड़कर रेनिगुंटा-मेलपक्कम-चेंगलपट्टू के रास्ते डायवर्ट किया गया है।


TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59


### भ्रष्टाचार की इमारत सील करने पर बौखलाए अखिलेश यादव

## जेपी जयंती के नाम पर दे रहे लोगों को धोखा

**लखनऊ, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में बनाई गई भ्रष्टाचार की इमारत जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को सील कर दिए जाने से तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बौखला उठे हैं। महापुरुषों के नाम पर आम लोगों को धोखा देकर खड़ी की गई आलीशान इमारत को अखिलेश यादव और उनके हुड़दंग समर्थकों ने जबरन खुलवाने की कोशिश की। यह कोशिश भी जयप्रकाश नारायण की जयंती के नाम पर की गई। सपाइयों ने पुलिस के साथ खूब गुत्थम-गुत्था किया, लेकिन हुड़दंगियों का जोर नहीं चला।अखिलेश यादव आज जयप्रकाश नारायण की जयंती के नाम पर गोमती नगर स्थित जेप-ीएनआईसी पर बवाल खड़ा करने की तैयारी में थे। हुड़दंगी सपाइयों का हुजूम इमारत में घुसने की कोशिश करने लगा, लेकिन प्रशासन ने पहले ही पूरी इमारत सील कर दी थी। बौखलाए अखिलेश यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण की जयंती के दिन सपा कार्यकर्ता उनके म्यूजियम में जयंती मनाते हैं, लेकिन हमें दो बार से माल्यार्पण करने से रोका जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस अधिकारी अखिलेश यादव से बात करने के लिए उनके निजी आवास के अंदर गए। इसके बाद अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार इस सेंटर को बेचना चाहती है। उन्होंने कहा कि ये बैरिकेडिंग सपा के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी। जब पुलिस वहां से हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे।

## अब जम्मू कश्मीर में पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू

**जम्मू, 11 अक्टूबर (ब्यूरो)।** राज्य चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर में पंचायत चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने के कुछ दिनों बाद हुआ है। केंद्र शासित प्रदेश में नेकां-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है।राज्य चुनाव आयोग ने जिला विकास आयुक्तों को अंतिम पंचायत चुनाव 2024 की साफ्ट कापी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। राज्य चुनाव आयोग ने जिला विकास आयुक्तों को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि मुझे आपसे अनुरोध करने का निर्देश दिया गया है कि कृपया राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए अंतिम पंचायत मतदाता सूची 2024 की साफ्ट कापी उपलब्ध कराएं।

जम्मू कश्मीर में इन चुनावों को कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसलिए इस साल के अंत से पहले पंचायत चुनाव होने की संभावना है।

## शुक्र है, जम्मू संभाग को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा सरकार में

**जम्मू, 11 अक्टूबर (ब्यूरो)।** उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने चार स्वतंत्र उम्मीदवारों के समर्थन की बदौलत जम्मू क्षेत्र से प्रतिनिधित्व हासिल कर लिया है। इंदरवाल से प्यारे लाल शर्मा, छंब से सतीश शर्मा, सुरनकोट से चौधरी मोहम्मद अकरम और बनी से डा रामेश्वर सिंह सभी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को अपना समर्थन देने का वादा किया है। यही नहीं डोडा से आप विधायक मेहराज मलिक भी नेकां को समर्थन देने को तैयार हो गए हैं।

यह घटनाक्रम नेकां सरकार में जम्मू संभाग के प्रतिनिधित्व को लेकर चिंताओं को दूर करता है, क्योंकि जम्मू संभाग में 43 में से 29 सीटें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीती थीं। उल्लेखनीय है कि डा रामेश्वर सिंह ने कठुआ जिले के बनी से भाजपा के जीवन लाल को 18,672 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से हराया। समर्थन करने वाले चार विधायकों में प्यारे लाल शर्मा नेकां के बागी हैं, जिन्होंने नेकां और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे के समझौते के बावजूद निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कांग्रेस के बागी सतीश शर्मा दिवंगत कांग्रेस नेता मदन लाल शर्मा के बेटे हैं। एक दिग्गज कांग्रेस नेता के बेटे चौधरी मोहम्मद अकरम चुनाव से पहले नेकां में शामिल हुए और कांग्रेस उम्मीदवार को 8,000 से अधिक मतों से हराया।इस समर्थन के साथ, नेकां के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा में अपनी उपस्थिति मजबूत की है, जिससे जम्मू क्षेत्र से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ है। इस कदम को रणनीतिक माना जा रहा है, जो क्षेत्रीय संतुलन को संबोधित करता है और सरकार के रुख को मजबूत करता है।


श्रद्धांजलि / प्रार्थना

दुनिया बदलती है साल दर साल, हमारा जीवन दिन ब दिन, पर आपका प्यार एवं यादें, हमेंशा साथ रहेंगी



शशिरेखा बी. महेता
धर्मपत्नी: स्व. बालक्रिष्ण भोगीलाल महेता

प्रार्थना सभा कल रविवार 13-10-2024 सायं 4 से 5 बजे तक, कच्छी भवन, क्षमापना हॉल, ईडनबाग, रामकोट हैदराबाद मे रहेगी।

सन्नविष्टकर्ता : महेता परिवार
Contact No. 96522 68261 / 73372 36363


## उमर अब्दुल्ला ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

**श्रीनगर, 11 अक्टूबर (एजेंसियां)।** जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने को लेकर उमर अब्दुल्ला ने दावा पेश कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को राजभवन जाकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 13 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात के बाद जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, मैंने एलजी से मुलाकात की और कांग्रेस, सीपीएम, आप और निर्दलियों से मिले समर्थन पत्र सौंपे। मैंने उनसे शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करने का अनुरोध किया ताकि सरकार काम करना शुरू कर सके। यह एक लंबी प्रक्रिया होगी क्योंकि यहां केंद्र का शासन है। एलजी पहले राष्ट्रपति भवन और फिर गृह मंत्रालय को दस्तावेज भेजेंगे। हमें बताया गया है कि इसमें 2-3 दिन लगेंगे। इसलिए अगर यह मंगलवार से पहले होता है, तो हम बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह करेंगे। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस सरकार में जम्मू की अनदेखी नहीं की जाएगी।नेशनल कॉन्फ्रेंस को निर्दलीय विधायकों के बाद अब आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को अपना समर्थन पत्र उपराज्यपाल को सौंप दिया। डोडा में आम आदमी पार्टी के मेहराज मलिक ने जीत दर्ज की है। नेशनल कॉन्फ्रेंस को पांच निर्दलीय विधायकों ने भी समर्थन देने की घोषणा कर दी है।

## जिडीमेटला में रावण दहन आज

**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिडीमेटला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर एवं गौशाला एचएमटी ग्राउंड जिडीमेटला पुलिस स्टेशन के सामने रोड़ के सामने रावण दहन किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में जगदीश सीरवी ने बताया कि शनिवार 12 अक्टूबर को रावण दहन रात्रि 8 बजे से होगा। रावण दहन के कार्यक्रम में दक्षिणेश्वर केदारनाथ ट्रस्ट मंदिर हैदराबाद संरक्षक सलाहकार आयार्य महेंद्र कृष्ण शास्त्री महराज, चेयरमैन राजिर्षि ठा. जयपाल सिंह, ट्रस्टी प्रेमा नायल, मुकेश माली, प्रकाश चौधरी, राम भाटी, पाल कृष्णा यादव, शिव प्रकाश बंसल, धनजी भाई पटेल, चेनाराम सीरवी, वीरा रेड्डी, श्रीनिवास आदि व सर्व समाज बन्धु उपस्थित रहेंगे।


शुभ लाभ -Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, MEKALA NAVYA, is legally Wedded Wife of Service No. 14652137P, Rank: HAV, Name: SRINIVASA RAO KONA, Unit: SDD, Secunderabad, Residing at Vill: CHITTIVALASA, PO: CHITTIVALASA, Teh: BHEEMUNIPATNAM, Dist:VISAKHAPATNAM, State: ANDHRA PRADESH, Pin: 531162, I have Changed my name from **MEKALA NAVYA** to **KONA NAVYA ROHIMA**. That my date of Birth is 12-08-1992

**CHANGE OF NAME**
I, R SWATHI, is legally Wedded Wife of Service No. 14838142Y, Rank: EX- SEP/MT, Name: R RAJASHEKHAR, Residing at House No.2-73, Vill: RAILAPUR, Teh: RAMAYAMPET, Dist: MEDAK, State: TELANGANA, Pin: 502102, I have Changed my name from: **R SWATHI** to **ANDE SWATHI**. That my date of birth is 18-05-1988

**CHANGE OF NAME**
I, P Sabapathi, presently Posted at 61 MED Regt, 925751, C/o 56APO, have changed my son's name from **SAI HARISH** to **SAI HARISH S**, vide Affidavit Dt.11-10-2024, before Sec-Bad Court

**CHANGE OF NAME**
I, P Sabapathi, presently Posted at 61 MED Regt, 925751, C/o 56APO, have changed my son's name from **SANTOSH** to **SANTHOSH S**, vide Affidavit Dt.11-10-2024, before Sec-Bad Court

ज्योतिष ASTROLOGY
नाकोड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद. संपर्क : 9032460847.

DAILY खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रु.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती रेवती बाई अग्रवाल
(धर्मपत्नी : स्व. श्री महावीर प्रसाद जी अग्रवाल)
स्वर्गवास : गुरुवार, 12 अक्टूबर 2023

मृदुल था स्वभाव आपका, श्रद्धा भाव आपके।
सदा याद आती रहेगी, बीते हर पल संग आपके।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :
सुरेश कुमार, गोपाल, रमेश, नंदलाल (देवर),
नरेश, बजरंग (भतीजे), अनिल,घनश्याम, रवींद्र, दिलीप (पुत्र),
कमल, विमल, दीपक, अंकित, रोहित, गौरव, तनिष्क (पौत्र),
रुद्राक्ष, देवांश, जागृत, निमांश (पड़पौत्र) एवं संपूर्ण प्राणसुख परिवार


फर्म: केदारमलजी महावीरप्रसादजी (बसईवाले)
14-2-389, गोशामहल, रज्जाकपूरा, हैदराबाद.
फोन: 9293942656, 9290145929, 9866823807




क्लासिक कन्वेंशन–3 में आयोजित सौभाग्य इन्फ्रा डेवेलपर्स प्र.लि. द्वारा प्रस्तुत रंगताली नवरात्रि महोत्सव के आठवें दिन माता की आरती मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने की। श्री दत्तात्रेय एवं समाज सेवी अमृत कुमार जैन का आयोजकों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। शुक्रवार को नवरात्रि महोत्सव में अभिनेत्री एवं मॉडल मन्नारा चोपड़ा ने भी डांडिया का आनंद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं शुभ लाभ ग्रुप के सर्वेसर्वा गोपाल अग्रवाल, मनोज इन्नानी, मृदुल अग्रवाल, आशीष शर्मा, कोमल शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।



श्री संतोषी माता मन्दिर, मुस्लिमजंग पुल, बेगम बाज़ार में नवरात्रि पर विशेष पूजा–अर्चना करते हुए अग्रवाल समाज अध्यक्ष मनीष अग्रवाल–दीपा अग्रवाल। इस अवसर पर पूजारी सुनील कुमार पाण्डेय, आशीष यादव, उदय भास्कर, महन्त चेतनगिरी, विनय पाण्डेय व अन्य उपस्थित थे।






शिवशक्ति युवा मंडल द्वारा स्थापित माता जी के पंडाल के पास शुक्रवार को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें सिखवाल समाज के रामदेव नागला व चंद्रभान व्यास ने माता के दर्शन किये। इस अवसर पर मनोहर जोशी, राधेश्याम दवे, राजु जोशी एवं अन्य भक्तगण उपस्थत थे।








श्री दत्तात्रेय पहाड़, श्री दत्तगिरि महाराज आश्रम में नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित विशेष पूजा–अर्चना में पधारे श्री दत्तगिरि आश्रम बरदीपुर के पीठाधिपति श्री श्री श्री 108 वैराघ्य शिकमणि अवधूतगिरि महराज और श्री श्री सिद्धेश्वर आनंदगिरि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जयसवाल। इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, बद्रीनाथ सिंह पट्टेदार, संदीप सिंह, इंद्रपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, विशाल सिंह, सोमराज सिंह व अन्य उपस्थित थे।



## अन्नदान और भजन संध्या आयोजित



**हैदराबादा, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एम. झाँसी बाई धर्मपत्नी स्मृति–शेष एम. भगत सिंह के सुपुत्र एम. राजू सिंह, एम. जीवन सिंह (जिब्बू), एम. सिनोद सिंह काछी संघ रामसिंह पुरा सोसायटी के उपाध्यक्ष, एम. भवानी सिंह (चित्रू) अन्य भक्तजन तथा जय भवानी यूथ एसोसिएशन रामसिंह पुरा, कारवान, हैदराबाद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गा की आकर्षक मूर्ति की स्थापना की गयी। मूर्ति की स्थापना पिछले 22 वर्षों से नियमित की जा रही है। इस अवसर पर अन्नदान किया गया। जिसमें सर्वश्री एम. रंजीत सिंह, एम. आनंद सिंह, नितिन सिंह, एम. सुभाष सिंह, एम. वीरू सिंह, एच. विनेश सिंह, एम. नरेंदर सिंह, पी. प्रवीण सिंह, एम. गोकुल सिंह, एम. किरन सिंह आदि व एम. सिनोद सिंह परिवारजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।











नवरात्रि पर नन्हे–मुन्नों को अन्नदान करते हुए भाजपा सैफरन डायरेक्टर विनित बच्चों को गिफ्ट देते हुए सपना गुप्ता।

बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट
राममनोहर लोहिया समता न्यास
अग्रवाल सेवा दल
agarwalsevadal@gmail.com
शिक्षा छात्रवृति
डिग्री तथा पोस्ट ग्रेजुएट की शिक्षा प्राप्त कर रहे 600 मेधावी (80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले) छात्रों को छात्रवृति कुल सत्तर लाख रुपये। 8000 से 27000 रुपये प्रति छात्र (पूर्व निर्धारित नियमानुसार)
आवेदन पत्र सोमवार, दि. 14 अक्तूबर 2024 से
पहले आओ पहले पाओ के आधार पर
ट्रस्ट के कार्यालय, सोमाजीगुडा (040-23311056) अथवा निम्न स्थानों से मध्याह्न 2.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं
अग्रोहा बैंक, हाई कोर्ट रोड, 040-24511322
प्रदीप अग्रवाल, सिकंदराबाद, 9246504222
सुधीर गुप्ता, मोज़मजाही मार्केट, 9550522277
सुरेंद्र गोयल, नारायणगुडा, 9866493222
कैलाश केडिया, "श्याम कुंज" आदर्श नगर, 8523047956
उर्मिला अग्रवाल, बंजारा हिल्स, 9866654403
दीपक गुप्ता, नवीन एन्टरप्राईजेस, बुरुप बाजार 9000003231
आवेदन पत्र केवल विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावकों को पिछले वर्ष की अंक तालिका की मूल प्रति तथा आधार कार्ड देखने के बाद ही प्रदान किए जाएंगे।
परिवार का केवल एक ही छात्र आवेदन कर सकता है
आवेदन पत्र दि. 22 अक्टूबर तक जमा कराए जा सकते हैं
अग्रवाल शिक्षा समिति के छात्रों को केवल अग्रोहा बैंक से आवेदन पत्र जारी किए जाएंगे
AGROHA BANK
AGROHA CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.
Opp. High Court, Rikabgunj, Hyderabad - 500002 Ph-040-24511322, 7093326428
Deposit more than 3 years upto 7 Years 8.85%
Sr. Citizen, REGD Trusts 0.50 Extra

# मूसी सौंदर्यीकरण से पहले जल निकासी के मुद्दों का समाधान करे राज्य सरकार : किशन रेड्डी


**हैदराबाद, 11 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने मूसी रिवरफ्रंट सौंदर्यीकरण परियोजना के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के दृष्टिकोण को गरीबों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार को उन लोगों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए



जिनके घर मूसी जलग्रहण क्षेत्रों में ध्वस्त किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग मूसी जलग्रहण क्षेत्रों में 40 वर्षों से अधिक समय से रह रहे हैं और सरकार उन्हें किसी प्रकार का पुनर्वास प्रदान किए बिना उनके घरों को ध्वस्त नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा जल निकासी का पानी मूसी में छोड़ा जाता है। किसी भी सौंदर्यीकरण प्रयास से पहले जल निकासी के मुद्दों का निपटारा करना आवश्यक है। राज्य सरकार ने मुसी रिवरफ्रंट सौंदर्यीकरण परियोजना की घोषणा की थी, लेकिन यह खुलासा नहीं किया था कि वह रिवरफ्रंट सौंदर्यीकरण परियोजना के लिए धनराशि कहां से जुटाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परियोजना को लागू करने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.